उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता केवल तक पहुंचकर उनकी समस्याएं सुन रहा है। नगर

# सैनिक स्कूल रीवा में एन सी सी के वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का एयर मार्शल ने किया समापन



**रीवा देशबन्धु।** वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन सैनिक स्कूल रीवा के परेड ग्राउंड में 01 अप्रैल से 10 अप्रैल तक चला। इस वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में इण्डेप काव्य एन सी सी, सैनिक स्कूल रीवा के 129 कैडेटों ने हिस्सा लिया। इस शिविर के दौरान कैडेटों को विभिन्न प्रकार की सैन्य गतिविधियों का प्रशिक्षण जैसे शस्त्र कौशल, मानचित्र पठन शारिरिक प्रशिक्षण एवं युद्ध कला आदि का प्रशिक्षण दिया गया। इस शिविर में कैडेटों को स्वास्थ्य और साफ सफाई के महत्व पर प्रकाश डाला तथा प्राथमिक उपचार के संबंध में जैसे कि सर्प दंश, कटना -छिलना एवं घाव आदि के विषय में कैडेटों को अवगत कराया गया। इस शिविर के समापन समारोह में एयर मार्शल बी. मणिकांतन, पीवीएसएम, एवीएसएम, वीएम, एयर ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ, केंद्रीय वायु कमान, भारतीय वायु सेना, बमरौली, प्रयागराज ने सैनिक स्कूल रीवा के परेड ग्राउंड में परेड का निरीक्षण किया। तदुपरान्त अपने अभिभाषण से उत्साहवर्धन तथा कैडेटों को सैन्य अधिकारी के रुप में देश सेवा करने का संकल्प करवाया ।

इस शिविर में कैडेटों को स्वास्थ्य और साफ सफाई के महत्व पर प्रकाश डाला तथा प्राथमिक उपचार के संबंध में जैसे कि सर्प दंश, कटना छिलना एवं घाव आदि के विषय में कैडेटों को अवगत कराया गया। इस समापन शिविर समारोह



में कर्नल अविनाश रावल वी एस एम, प्राचार्य सैनिक स्कूल रीवा, विंग कमांडर सी एच त्रिलोक कुमार, कमान अधिकारी, इण्डेप कॉय एन सी सी (जे डी), कमांडर जे एस खोट, प्रशासनिक अधिकारी सैनिक स्कूल रीवा तथा सभी ए एन ओ और पी आई स्टॉफ भी उपस्थित रहे।



# एयर मार्शल ने कैडेट्स को देश सेवा और अनुशासन के लिए किया प्रेरित

भास्कर न्यूज | रीवा

एयर मार्शल बी मणिकांतन, पीवीएसएम एवीएसएम वीएमए अध्यक्ष प्रशासनिक बोर्ड सैनिक स्कूल रीवा एयर ऑफिसर कमांडिंग इन चीफ मध्य वायु कमान ने सैनिक स्कूल रीवा का दौरा किया। उन्होंने रक्षा बलों के लिए नेतृत्व प्रदान करने की स्कूल की गौरवशाली विरासत की सराहना की और कैडेट्स को मजबूत चरित्र के प्रति अडिग रहने तथा अपने सभी प्रयासों में उत्कृष्टता हासिल करने के लिए प्रेरित किया। एयर मार्शल ने स्वयं एएलएच हेलिकॉप्टर उड़ाकर रीवा आकर एक मिसाल कायम की। उनका यह कदम कैडेटो को एक नया आयाम प्रदान करेगा। यहां आकर उन्होंने सर्वप्रथम सैनवा स्मारक पर श्रद्धांजलि अर्पित की। तत्पश्चात उन्होंने कैडेट्स की परेड का निरीक्षण किया। इसके उपरांत विद्यालय के चाणक्य हॉल में प्राचार्य द्वारा मुख्य अतिथि के समक्ष



विद्यालय का विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। जिसमें विद्यालय में संचालित समस्त शैक्षणिक एवं प्रशासनिक गतिविधियों के साथ-साथ भविष्य हेतु प्रस्तावित विभिन्न परियोजनाओं से मुख्य अतिथि को अवगत कराया गया।

इस अवसर पर एक विशेष सभा का आयोजन किया गया, जिसमें सर्वप्रथम कैडेट्स द्वारा मुख्य अतिथि का स्वागत एवं संक्षिप्त परिचय प्रस्तुत किया गया। मुख्य अतिथि ने कैडेट्स को रक्षा सेवाओं में प्रवेश हेतु प्रेरित करते हुए अनुशासन, समर्पण एवं राष्ट्रसेवा के मूल्यों को आत्मसात करने का आह्वान किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के समापन पर कर्नल अविनाश रावल प्राचार्य सैनिक स्कूल रीवा द्वारा मुख्य अतिथि के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

# एयर मार्शल ने कैडेट्स को देश सेवा एवं अनुशासन के लिए किया प्रेरित



स्टार समाचार | रीवा

एयर मार्शल बी. मणिकांतन, पीवीएसएम एवीएसएम वीएमए अध्यक्ष स्थानीय प्रशासनिक बोर्ड सैनिक स्कूल एयर ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ मध्य वायु कमान ने सैनिक स्कूल का दौरा किया। उन्होंने रक्षा बलों के लिए नेतृत्व प्रदान करने की स्कूल की गौरवशाली विरासत की सराहना की और कैडेट्स को मजबूत चरित्र के प्रति अडिग रहने तथा अपने सभी प्रयासों में उत्कृष्टता हासिल करने के लिए प्रेरित किया। नेतृत्व का जीवंत उदाहरण एयर मार्शल बी. मणिकांतन ने स्वयं हेलिकॉप्टर उड़ाकर रीवा पहुंचकर एक मिसाल कायम की। उनका यह कदम कैडेटों को एक नया आयाम प्रदान करेगा। एयर मार्शल का आगमन शुक्रवार को प्रातः 10.30 बजे विद्यालय के हेलिपैड पर हुआ। आगमन उपरांत मुख्य अतिथि द्वारा सर्वप्रथम सैन्य स्मारक पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। तत्पश्चात उन्होंने कैडेट्स की परेड का निरीक्षण किया। इसके उपरांत विद्यालय के चाणक्य हॉल में प्राचार्य द्वारा मुख्य अतिथि के समक्ष विद्यालय का विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। जिसमें विद्यालय में संचालित समस्त शैक्षणिक एवं प्रशासनिक गतिविधियों के साथ-साथ भविष्य हेतु प्रस्तावित विभिन्न परियोजनाओं से मुख्य अतिथि को अवगत कराया गया। उक्त अवसर पर प्रातः 11 बजे एक विशेष सभा का आयोजन किया गया। जिसमें सर्वप्रथम कैडेट्स द्वारा मुख्य अतिथि का स्वागत एवं संक्षिप्त परिचय प्रस्तुत किया गया। अपने उद्बोधन में मुख्य अतिथि ने कैडेट्स को रक्षा सेवाओं में प्रवेश हेतु प्रेरित करते हुए अनुशासन, समर्पण एवं राष्ट्रसेवा के मूल्यों को आत्मसात करने का आह्वान किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के समापन पर कर्नल अविनाश रावल द्वारा मुख्य अतिथि के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापन किया गया। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इसी श्रृंखला में मुख्य अतिथि द्वारा संपूर्ण विद्यालय परिसर का भ्रमण एवं निरीक्षण किया गया।

# सैनिक स्कूल में एयर मार्शल ने कैडेट्स को देशसेवा एवं अनुशासन के लिए प्रेरित किया





स्वदेश संवाददाता ■ रीवा

एयर मार्शल श्री मणिकांतन पीवीएसएम एवीएसएम वीएमए अध्यक्ष स्थानीय प्रशासनिक बोर्ड सैनिक स्कूल रीवा एयर ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ मध्य वायु कमान ने सैनिक स्कूल रीवा का दौरा किया। उन्होंने रक्षा बलों के लिए नेतृत्व प्रदान करने की स्कूल की गौरवशाली विरासत की सराहना की और कैडेट्स को मजबूत चरित्र के प्रति अडिग रहने तथा अपने सभी प्रयासों में उत्कृष्टता हासिल करने के लिए प्रेरित किया। इस बीच एयर मार्शल श्री मणिकांतन ने स्वयं हेलिकॉप्टर उड़ाकर रीवा पहुंचकर एक मिसाल कायम की। उनका यह कदम कैडेटों को एक नया आयाम प्रदान करेगा। एयर मार्शल का आगमन 10 अप्रैल 2026 को प्रातः 10.30 बजे विद्यालय के हेलिपैड पर हुआ। आगमन उपरांत मुख्य अतिथि द्वारा सर्वप्रथम सैनिक स्मारक पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। तत्पश्चात उन्होंने कैडेट्स की परेड का निरीक्षण किया। इसके उपरांत विद्यालय के चाणक्य हॉल में प्राचार्य द्वारा मुख्य अतिथि के समक्ष विद्यालय का विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया, जिसमें विद्यालय में संचालित समस्त शैक्षणिक एवं प्रशासनिक गतिविधियों के साथ-साथ भविष्य हेतु प्रस्तावित विभिन्न परियोजनाओं से मुख्य अतिथि को अवगत कराया गया। उक्त अवसर पर प्रातः 11 बजे एक विशेष सभा का आयोजन किया गया, जिसमें सर्वप्रथम कैडेट्स द्वारा मुख्य अतिथि का स्वागत एवं संक्षिप्त परिचय प्रस्तुत किया गया। अपने उद्बोधन में मुख्य अतिथि ने कैडेट्स को रक्षा सेवाओं में प्रवेश हेतु प्रेरित करते हुए अनुशासन, समर्पण एवं राष्ट्रसेवा के मूल्यों को आत्मसात करने का आह्वान किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के समापन पर कर्नल अविनाश रावत, वीएसएम, प्राचार्य सैनिक स्कूल रीवा द्वारा मुख्य अतिथि के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापन किया गया। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इसी श्रृंखला में मुख्य अतिथि द्वारा संपूर्ण विद्यालय परिसर का भ्रमण एवं निरीक्षण किया गया।

# सैनिक स्कूल पहुंचे निरीक्षण अधिकारी, कैडेट्स को किया प्रेरित



**स्वदेश संवाददाता ■ रीवा**

सैनिक स्कूल रीवा में ब्रिगेडियर अमित चटर्जी निरीक्षण अधिकारी सैनिक स्कूल सोसाइटी, रक्षा मंत्रालय नयी दिल्ली का आगमंन 21 अप्रैल को हुआ। इस अवसर पर प्रातः 08 बजे विद्यालय के मानेकशॉ सभागार में एक गरिमामयी विशेष सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कैडेट्स द्वारा प्रस्तुत स्वागत गान से हुआ,जिसके उपरांत कैडेट्स ने सारगर्भित एवं प्रभावशाली भाषण प्रस्तुत किए। मुख्य अतिथि ने कैडेट्स को सम्बोधित करते हुए मानवीय व नैतिक मूल्यों को आत्मसात करने का सन्देश तथा सफलता के लिए अनुसाशन व समयनिष्ठता को महत्वपूर्ण बताया। मुख्य अतिथि ने कैडेट्स को विद्यालय के पाठ्यक्रम एवं दैनिक दिनचर्या का अनुशासनपूर्वक पालन करने हेतु प्रेरित किया। सभा के अंत में कर्नल अविनाश रावल वीएसएमए प्राचार्य सैनिक स्कूल रीवा द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया। राष्ट्रगान के साथ सभा का समापन हुआ। प्रातः 9 बजे विद्यालय के चाणक्य हॉल में प्राचार्य ने निरीक्षण अधिकारी के समक्ष विद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जिसमें प्राचार्य ने विद्यालय में चल रही समस्त शैक्षणिक व प्रशासनिक गतिविधियों के साथ-साथ विभिन्न प्रगतिशील एवं विकासात्मक परियोजनाओं का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया। इसी श्रंखला में निरिक्षण अधिकारी ने समस्त विद्यालय कैंपस पुस्तकालय, क्राफ्ट लैब इत्यादि का निरीक्षण व अवलोकन किया।



# नैतिक मूल्यों को कैडेट्स आत्मसात करें : चटर्जी

नवभारत न्यूज

रीवा, 21 अप्रैल, सैनिक स्कूल रीवा में ब्रिगेडियर अमित चटर्जी, निरीक्षण अधिकारी, सैनिक स्कूल सोसाइटी, रक्षा मंत्रालय, नयी दिल्ली का आगमन हुआ. इस अवसर पर प्रातः 08:00 बजे विद्यालय के मानेकशॉ सभागार में विशेष सभा का आयोजन किया गया.

कार्यक्रम का शुभारंभ कैडेट्स द्वारा प्रस्तुत स्वागत गान से हुआ, जिसके उपरांत कैडेट्स ने सारगर्भित एवं प्रभावशाली भाषण प्रस्तुत किए. मुख्य अतिथि ने कैडेट्स को सम्बोधित करते हुए मानवीय व नैतिक मूल्यों को आत्मसात करने का सन्देश तथा सफलता के लिए अनुसाशन व समयनिष्ठता को महत्वपूर्ण बताया. मुख्य अतिथि नेकैडेट्स को विद्यालय के पाठ्यक्रम एवं दैनिक दिनचर्या का अनुशासनपूर्वक पालन करने हेतु प्रेरित किया. सभा के अंत में कर्नल अविनाश रावल,वी एसएम,प्राचार्य, सैनिक स्कूल रीवा के द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया. राष्ट्रगान के साथ सभा का समापन हुआ.

प्रातः 9 बजे विद्यालय के चाणक्य हॉल में प्राचार्य ने निरीक्षण अधिकारीके समक्ष विद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया, जिसमें प्राचार्य ने विद्यालय में चल रही समस्त शैक्षणिक व प्रशासनिक गतिविधियों के साथ-साथ विभिन्न प्रगतिशील एवं विकासात्मक परियोजनाओं का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया. इसी श्रंखला में निरिक्षण अधिकारी ने समस्त विद्यालय कैंपस, पुस्तकालय, क्राफ्ट लै इत्यादि का निरीक्षण अवलोकन किया.

# सैनिक स्कूल में निरीक्षण अधिकारी का आगमन

## कैडेट्स को किया प्रेरित



**रीवा देशबन्धु।** सैनिक स्कूल रीवा में ब्रिगेडियर अमित चटर्जी, निरीक्षण अधिकारी, सैनिक स्कूल सोसाइटी, रक्षा मंत्रालय, नयी दिल्ली का आगमन 21 अप्रैल को हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के मानेकशॉ सभागार में एक गरिमामयी विशेष सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कैडेट्स द्वारा प्रस्तुत स्वागत गान से हुआ, जिसके उपरांत कैडेट्स ने सारगर्भित एवं प्रभावशाली भाषण प्रस्तुत किए।

मुख्य अतिथि ने कैडेट्स को सम्बोधित करते हुए मानवीय व नैतिक मूल्यों को आत्मसात करने का सन्देश तथा सफलता के लिए अनुसाशन व समयनिष्ठता को महत्वपूर्ण बताया। मुख्य अतिथि नेकैडेट्स को विद्यालय के पाठ्यक्रम एवं दैनिक दिनचर्या का अनुशासनपूर्वक पालन करने हेतु प्रेरित किया।सभा के अंत में कर्नल अविनाश रावल,वी एसएम,प्राचार्य, सैनिक स्कूल रीवा के द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया। राष्ट्रगान के साथ सभा का समापन हुआ।


विद्यालय के चाणक्य हॉल में प्राचार्य ने निरीक्षण अधिकारीके समक्ष विद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया, जिसमें प्राचार्य ने विद्यालय में चल रही समस्त शैक्षणिक व प्रशासनिक गतिविधियोंकेसाथ-साथ विभिन्न प्रगतिशील एवं विकासात्मक परियोजनाओं का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया। इसी श्रंखला में निरिक्षण अधिकारी ने समस्त विद्यालय कैंपस, पुस्तकालय, क्राफ्ट लैब इत्यादि का निरीक्षण व अवलोकन किया।

# सैनिक स्कूल में अंतरविद्यालयीन फुटबॉल प्रतियोगिता 25 से




**रीवा @ पत्रिका.** सैनिक स्कूल रीवा में अंतरविद्यालयीन फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन 25 से 30 अप्रेल तक किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में देश के विभिन्न सैनिक एवं अन्य विद्यालयों के लगभग 225 प्रतिभागी हिस्सा लेंगे। आयोजन का उद्देश्य छात्रों में खेल भावना, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और टीमवर्क का विकास करना है। प्रतियोगिता में मेजबान सैनिक स्कूल रीवा सहित कुल छह संस्थान भाग ले रहे हैं, जिनमें सैनिक स्कूल अमेठी, एसवीएम मंदसौर, सैनिक स्कू[illegible] चित्तौड़गढ़, श्रीहनुमंत सीनि[illegible] सेकेंडरी स्कूल जोधपुर तथा सैनि[illegible] स्कूल मैनपुरी शामिल हैं। प्रतियोगि[illegible] का आयोजन गर्ल्स एवं बॉयज़ दे[illegible] वर्गों में किया जाएगा। प्रतियोगिता [illegible] उद्घाटन समारोह 25 अप्रेल को प्र[illegible] 06:00 बजे आयोजित होगा, जब[illegible] समापन समारोह 30 अप्रेल को [illegible] 05:00 बजे सम्पन्न किया जाए[illegible] इस दौरान विभिन्न मुकाबलों के ज[illegible] प्रतिभागियों को अपनी खेल प्रति[illegible] दिखाने का अवसर मिलेगा।

# सैनिक स्कूल में अंतर्विद्यालयीन फुटबाल प्रतियोगिता




**रीवा देशबन्धु।** विंध्य क्षेत्र की शान व देश के सर्वोपरी विद्यालयों में एक सैनिक स्कूल रीवा में अंतर्विद्यालयीन फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन 25 अप्रैल से 30 अप्रैल 2026 तक किया जायेगा। यह आयोजन विद्यालय की खेल उत्कृष्टता एवं सर्वांगीण व्यक्तित्व विकास की प्रतिबद्धता का परिचायक है।

उक्त प्रतियोगिता में मेज़बान विद्यालय सहित कुल छह संस्थान भाग लेंगे, जिनमेंसैनिक स्कूल अमेठी, एस वी एम मंदसौर, सैनिक स्कूल चित्तौड़गढ़, श्री हनवंत सीनियर सेकेंडरी स्कूल जोधपुर, सैनिक स्कूल मैनपुरी तथासैनिक स्कूल रीवासम्मिलित हैं। इस प्रतियोगिता में लगभग 225 प्रतिभागियों के भाग लेने की अपेक्षा है। प्रतियोगिता का आयोजन गर्ल्स एवं बॉयज दोनों वर्गों में किया जाएगा, जिससे कैडेट्स में खेल भावना, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता एवं टीमवर्क का विकास सुनिश्चित हो सके। प्रतियोगिता का उद्घाटन समारोह 25 अप्रैल 2026 को प्रात: 06:00 बजे आयोजित होगा, जबकि समापन समारोह 30 अप्रैल 2026 को सायं 05:00 बजे सम्पन्न किया जाएगा। यह अंतर्विद्यालयीन प्रतियोगिता विभिन्न विद्यालयों के मध्य स्वस्थ प्रतिस्पर्धा, पारस्परिक सहयोग एवं राष्ट्रीय एकता की भावना को सुदृढ़ करने के साथ-साथ युवा प्रतिभाओं को अपनी खेल दक्षता प्रदर्शित करने का सशक्त मंच प्रदान करेगी।

# रेल परियोज

*ज्ञापन सौंपकर रेल*
*सुविधाओं औ*

**रीवा देशबन्धु** लाइन परियोजना से आश्रितों को नौकरी कराने की मांग को ले मध्यप्रदेश के प्रदेश अ रीवा सांसद एवं पश्चि को ज्ञापन सौंपा। ज्ञाप में रेलवे की वेबसाइट जारी कर दस्तावेज नियुक्ति की समय-स बावजूद अब तक कइ है। उन्होंने आरोप नियुक्ति देने के बा न्यायसंगत नहीं है।

ज्ञापन में रीवा

# अंतर्विद्यालयीन फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारं



## मेजबान विद्यालय सहित कुल छह विद्यालय ले रहे भाग

रीवा। सैनिक स्कूल रीवा में अंतर्विद्यालयीन फुटबॉल प्रतियोगिता का उद्घाटन समारोह कर्नल अविनाश रावल, वी एस एम, प्राचार्य सैनिक स्कूल के मुख्य आतिथ्य में शनिवार प्रातः 6 बजे आयोजित किया गया। विदित हो कि प्रतियोगिता मे मेजबान विद्यालय सहित कुल छह विद्यालय भाग ले रहे हैं, जिनमें सैनिक स्कूल अमेठी, एस वी एम मंदसौर, सैनिक स्कूल चित्तौड़गढ़, श्री हनवंत सीनियर सेकेंडरी स्कूल जोधपुर, सैनिक स्कूल मैनपुरी तथा सैनिक स्कूल रीवा सम्मिलित हैं। प्रतियोगिता का समापन समारोह 30 अप्रैल को सायं 05 बजे होगा।

प्रातः 5 बजे विद्यालय के फुटबॉल ग्राउंड पर सभी विद्यालयों के प्रतिभागी भरपूर जोश, जज्बे व जुनून के साथ एकत्रित हुए। सर्वप्रथम सभी प्रतिभागियों ने मार्च पास्ट कर मुख्य अतिथि को सलामी दी। तदुपरांत मुख्य अतिथि ने प्रतियोगिता का शुभारम्भ करने की घोषणा की। प्रतियोगिता का प्रथम मैच सैनिक स्कूल चित्तौड़गढ़ व सैनिक स्कूल मंदसौर के बीच खेला गया, जिसमें सैनिक स्कूल चित्तौड़गढ़ ने सैनिक स्कूल मंदसौर को 4 -0 से पराजित किया।

आयोजित हुए अन्य मैचों के परिणाम इस प्रकार रहे। बॉयज केटेगरी -सैनिक स्कूल मैनपुरी ने श्री हनवंत सीनियर सेकेंडरी स्कूल जोधपुर को 5 -0 से पराजित किया। सैनिक स्कूल चित्तौड़गढ़ ने सैनिक स्कूल अमेठी को 1 -0 से पराजित किया। सैनिक स्कूल मैनपुरी व सैनिक स्कूल अमेठी का मैच ड्रा रहा। गर्ल्स केटेगरी में सैनिक स्कूल रीवा व सैनिक स्कूल अमेठी का मैच ड्रा रहा।

## 6 विद्यालयों की भागीदारी, पहले दिन चित्तौड़गढ़ और मैनपुरी की टीमों का शानदार प्रदर्शन

# सैनिक स्कूल में अंतरविद्यालयीन फुटबॉल प्रतियोगिता शुरू



**रीवा @ पत्रिका.** सैनिक स्कूल रीवा में अंतरविद्यालयीन फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ शनिवार को प्रातः 6 बजे हुआ। प्रतियोगिता का शुभारंभ प्राचार्य सैनिक स्कूल रीवा कर्नल अविनाश रावल के मुख्य आतिथ्य में किया गया। प्रतियोगिता में मेजबान सैनिक स्कूल रीवा सहित कुल छह विद्यालय भाग ले रहे हैं, जिनमें सैनिक स्कूल अमेठी, एसवीएम मंदसौर, सैनिक स्कूल चित्तौड़गढ़, श्रीहनुमंत सीनियर सेकंडरी स्कूल जोधपुर और सैनिक स्कूल मैनपुरी शामिल हैं। प्रतियोगिता का समापन 30 अप्रेल को सायं 5:00 बजे होगा। कार्यक्रम की शुरुआत मार्च पास्ट से हुई, जिसमें खिलाड़ियों ने मुख्य अतिथि को सलामी दी, जिसके बाद उन्होंने प्रतियोगिता के शुभारंभ की घोषणा की। उद्घाटन मैच सैनिक स्कूल चित्तौड़गढ़ और सैनिक स्कूल मंदसौर के बीच खेला गया, जिसमें चित्तौड़गढ़ की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 4-0 से जीत दर्ज की। प्रतियोगिता के अन्य मैचों में बॉयज वर्ग में सैनिक स्कूल मैनपुरी ने श्रीहनुमंत सीनियर सेकंडरी स्कूल जोधपुर को 5-0 से हराया, जबकि सैनिक स्कूल चित्तौड़गढ़ ने सैनिक स्कूल अमेठी को 1-0 से पराजित किया। वहीं सैनिक स्कूल मैनपुरी और सैनिक स्कूल अमेठी के बीच मुकाबला ड्रॉ रहा। गर्ल्स वर्ग में सैनिक स्कूल रीवा और सैनिक स्कूल अमेठी के बीच खेला गया मैच बराबरी पर समाप्त हुआ।

# सैनिक स्कूल में फुटबॉल प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ

स्टार समाचार | रीवा



सैनिक स्कूल में अंतर्विद्यालयीन फुटबॉल प्रतियोगिता का उद्घाटन कर्नल अविनाश रावल, वीएसएमए प्राचार्य सैनिक स्कूल के मुख्य आतिथ्य में शनिवार को किया गया। इस भव्य प्रतियोगिता में मेजबान विद्यालय सहित कुल छह विद्यालय भाग ले रहे हैं। जिनमें सैनिक स्कूल अमेठी, एसवीएम मंदसौर, सैनिक स्कूल चित्तौड़गढ़, हनवंत सीनियर सेकेंडरी स्कूल जोधपुर, सैनिक स्कूल मैनपुरी तथा सैनिक स्कूल रीवा सम्मिलित हैं। प्रतियोगिता का समापन समारोह 30 अप्रैल को सायं 5 बजे होगा। प्रातः 5 बजे विद्यालय के फूटबाल ग्राउंड पर सभी विद्यालयों के प्रतिभागी भरपूर जोश जज्बे व जुनून के साथ एकत्रित हुए। सर्वप्रथम प्रतिभागियों ने मार्च पास्ट कर मुख्य अतिथि को सलामी दी। तदुपरांत मुख्य अतिथि ने प्रतियोगिता का शुभारम्भ करने की घोषणा की। प्रतियोगिता का प्रथम मैच सैनिक स्कूल चित्तौरगढ़ व सैनिक स्कूल मंदसौर के बीच खेला गया। जिसमें सैनिक स्कूल चित्तौरगढ़ ने 4-0 से मैच जीत लिया। अन्य मैचों में बॉयज केटेगरी, सैनिक स्कूल मैनपुरी ने हनवंत सीनियर सेकेंडरी स्कूल जोधपुर को 5-0 से पराजित किया। वहीं सैनिक स्कूल चित्तौरगढ़ ने सैनिक स्कूल अमेठी को 1-0 से हराया। जबकि सैनिक स्कूल मैनपुरी व सैनिक स्कूल अमेठी का मैच ड्रा रहा।

प्रदेश में अपना और अपने परिवार का नाम रोशन कर सके।

में जब बीए प्रथम वर्ष के छात्र थे, तब से आपने यह व्यवसाय

हासिल किए हैं ... सफलता का मुख्य राज कड़ी

कामना की।

# सैनिक स्कूल में अंतर विद्यालयीन फुटबॉल स्पर्धा का शुभारंभ





## चित्तौरगढ़ ने मंदसौर को 4.0 से दी मात

स्वदेश संवाददाता ■ रीवा

सैनिक स्कूल रीवा में अंतर्विद्यालयीन फुटबॉल प्रतियोगिता का उद्घाटन समारोह कर्नल अविनाश रावल वी एस एमए प्राचार्य सैनिक स्कूल रीवा के मुख्य आतिथ्य में 25 अप्रैल को प्रातः 6 बजे आयोजित किया गया। विदित हो कि इस भव्य प्रतियोगिता में मेज़बान विद्यालय सहित कुल छः विद्यालय भाग ले रहे हैं,जिनमें सैनिक स्कूल अमेठी, एसवीएम मंदसौर, सैनिक स्कूल चित्तौड़गढ़, हनवंत सीनियर सेकेंडरी स्कूल जोधपुर, सैनिक स्कूल मैनपुरी तथा सैनिक स्कूल रीवा सम्मिलित हैं। प्रतियोगिता का समापन समारोह 30 अप्रैल को सायं 05 बजे सम्पन्न किया जाएगा। प्रातः 5 बजे विद्यालय के फूटबाल ग्राउंड पर सभी विद्यालयों के प्रतिभागी भरपूर जोश व जुनून के साथ एकत्रित हुए।

सर्वप्रथम सभी प्रतिभागियों ने मार्च पास्ट कर मुख्य अतिथि को सलामी दी तदुपरांत मुख्य अतिथि ने प्रतियोगिता का शुभारम्भ करने की घोषणा की। प्रतियोगिता का प्रथम मैच सैनिक स्कूल चित्तौरगढ़ व सैनिक स्कूल मंदसौर के बीच खेला गया जिसमें सैनिक स्कूल चित्तौरगढ़ ने सैनिक स्कूल मंदसौर को 4 .0 से पराजित किया। आयोजित हुए अन्य मैचों के परिणाम में बॉयज केटेगरी से सैनिक स्कूल मैनपुरी ने श्री हनवंत सीनियर सेकेंडरी स्कूल जोधपुर को 5 .0 से पराजय किया। सैनिक स्कूल चित्तौरगढ़ ने सैनिक स्कूल अमेठी को 1.0 से पराजित किया। सैनिक स्कूल मैनपुरी व सैनिक स्कूल अमेठी का मैच ड्रा रहा। गर्ल्स केटेगरी में सैनिक स्कूल रीवा व सैनिक स्कूल अमेठी का मैच ड्रा रहा।

# अंतर्विद्यालयीन फुटबॉल प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ



**रीवा देशबन्धु।** सैनिक स्कूल रीवा में अंतर्विद्यालयीन फुटबॉल प्रतियोगिता का उद्घाटन समारोह कर्नल अविनाश रावल, वी एस एम, प्राचार्य सैनिक स्कूल रीवा के मुख्य आतिथ्य में 25 अप्रैल 2026 को प्रात: 6:00 बजे आयोजित किया गया।

विदित हो कि इस भव्य प्रतियोगिता में मेज़बान विद्यालय सहित कुल छह विद्यालय भाग ले रहे हैं, जिनमें सैनिक स्कूल अमेठी, एस वी एम मंदसौर, सैनिक स्कूल चित्तौड़गढ़, हनवंत सीनियर सेकेंडरी स्कूल जोधपुर, सैनिक स्कूल मैनपुरी तथा सैनिक स्कूल रीवा सम्मिलित हैं। प्रतियोगिता का समापन समारोह 30 अप्रैल 2026 को सायं 05:00 बजे सम्पन्न किया जाएगा।

प्रात: 5बजे विद्यालय के फूटबाल ग्राउंड पर सभी विद्यालयों के प्रतिभागी भरपूर जोश, ज़ज़्बे व जुनून के साथ एकत्रित हुए। सर्वप्रथम सभी प्रतिभागियों ने मार्च पास्ट कर मुख्य अतिथि को सलामी दी, तदुपरांत मुख्य अतिथि ने प्रतियोगिता का शुभारम्भ करने की घोषणा की।

प्रतियोगिता का प्रथम मैच सैनिक स्कूल चित्तौरगढ़ व सैनिक स्कूल मंदसौर के बीच खेला गया, जिसमें सैनिक स्कूल चित्तौरगढ़ ने सैनिक स्कूल मंदसौर को 4 -0 से पराजित किया। आयोजित हुए अन्य मैचों के परिणाम इस प्रकार रहे।

**बॉयज केटेगरी**- सैनिक स्कूल मैनपुरी नेश्री हनवंत सीनियर सेकेंडरी स्कूल जोधपुर को 5 -0 से पराजय किया। सैनिक स्कूल चित्तौरगढ़ ने सैनिक स्कूल अमेठी को 1 -0 से पराजित किया। सैनिक स्कूल मैनपुरी व सैनिक स्कूल अमेठी का मैच ड्रा रहा।

**गर्ल्स केटेगरी**- सैनिक स्कूल रीवा व सैनिक स्कूल अमेठी का मैच ड्रा रहा।

# सपनों को वास्तविकता में बदलनें का रखें लक्ष्य: थल सेना प्रमुख

## कैडेट्स परेड का निरीक्षण कर किया पद अलंकरण

**रीवा देशबन्धु।** सैनिक स्कूल रीवा में थल सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी, पी वी एस एम, ए वी एस एम का आगमन अपरान्ह 12 बजे हुआ। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि ने सैनया मेमोरियल पर श्रद्धांजलि अर्पित की तत्पश्चात विद्यालय के परेड ग्राउंड पर कैडेट्स की परेड का निरीक्षण किया।

इस अवसर पर विद्यालय के मानेकशॉ सभागार में विशेष सभा का आयोजन किया गया जिसमें सर्वप्रथम मुख्य अतिथि का स्वागत किया गया तत्पश्चात



मुख्य अतिथि ने कमांडर जे एस खोत, प्रशासनिक अधिकारी, डॉ एन के झा, पीजीटी, मैथ्स, प्रभाकर चक्रवर्ती,पीजीटी, फिजिक्स,हवलदार उमा शंकर एम एवं संजय गाँधी स्मृति चिकित्सालय के चिकित्सक व विद्यालय के पुरा छात्र डॉ सौरभ पटेल को उनके उत्कृष्ट कार्य व कर्तव्य परायणता के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया तथा कर्नल जी पी सिंह (रिटायर्ड), हवलदार योगेश कुमार तिवारी (रिटायर्ड) व नायक अनिल कुमार तिवारी (रिटायर्ड) को वेटरन अचीवर्स अवार्ड्स से सम्मानित किया।

मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में अपने समय के शिक्षकों को याद करते हुए उन्हें अपना प्रेरणा स्रोत व मार्गदर्शक बताया त कैडेट्स को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने उन्हें रोल मॉडल बनने के लिए प्रेरित किया इसके अतिरिक्त उन्हें जीवन में सफलता प्राप्त करने के मन्त्र बताते हुए मानसिक , शारीरिक व आध्यात्मिक रूप से मज़बूत बनने पर बल दिया तथा उन्हें देश का भविष्य कहा। मुख्य अतिथि ने सपनों को वास्तविकता में बदलनें पर बल दिया व तकनीकी का उचित प्रयोग करने का आह्वान किया। उन्होंने कैडेट्स से असफलता को सफलता की सीढ़ी मानकर निरंतर प्रयत्नशील रहने के लिए प्रेरित किया। तदुपरांत प्राचार्य कर्नल अविनाश रावल, वी एस एम ने स्मृति चिन्ह प्रदान कर मुख्य अतिथि को सम्मानित किया।

### अलंकरण से सम्मानित

कैडेट अभय प्रताप सिंह - स्कूल कैप्टन

कैडेट सी एच कुंदना - स्कूल गर्ल्स कैप्टन

कैडेट दिव्यांश यादव - स्कूल वाइस कैप्टन

कैडेट देवराज इन्दोरिया - स्कूल एडजुटेंट

कैडेट प्रशांत कुशवाहा - स्कूल मेस कैप्टन

कैडेट अनुराग सिंह - स्कूल स्पोर्ट्स कैप्टन

# थल सेना प्रमुख ने कैडेट्स को रोल मॉडल बनने किया प्रेरित

## सैनिक स्कूल पहुंचे जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने ताजा की यादें

रीवा। सैनिक स्कूल में थल सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी, पीवी एसएमए बीएसएम का आगमन अपरान्ह 12 बजे हुआ। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि ने सैनवा मेमोरियल पर श्रद्धांजलि अर्पित की, तत्पश्चात विद्यालय के परेड ग्राउंड पर कैडेट्स की परेड का निरीक्षण किया। इस अवसर पर विद्यालय के मानेकशॉ सभागार में विशेष सभा का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि का स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि ने कमांडर जेएस खोत प्रशासनिक अधिकारी, डॉ. एनके झा पीजीटी मैथ्स, प्रभाकर चक्रवर्ती पीजीटी फिजिक्स, हवलदार उमाशंकर एम एवं संजय गांधी स्मृति चिकित्सालय के चिकित्सक व विद्यालय के पुरा छात्र डॉ सौरभ पटेल को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। कर्नल जी पी सिंह, रिटायर्ड हवलदार योगेश तिवारी व नायक अनिल कुमार तिवारी (रिटायर्ड) को वेटरन अचीवर्स अवार्ड्स से सम्मानित किया गया।

## पद अलंकरण से विभूषित हुए कैडेट्स

इसी श्रृंखला में मुख्य अतिथि ने कैडेट अभय प्रताप सिंह – स्कूल कैप्टन, कैडेट सीएच कुंदना–स्कूल गर्ल्स कैप्टन, कैडेट दिव्यांश यादव–स्कूल वाइस कैप्टन, कैडेट देवराज इन्दोरिया – स्कूल एडजुडेंट, कैडेट प्रशांत कुशवाहा – स्कूल मेस कैप्टन, कैडेट अनुराग सिंह–स्कूल स्पोर्ट्स कैप्टन को पद अलंकरण से विभूषित किया।

## शिक्षकों को अपना प्रेरणास्रोत व मार्गदर्शक बताया

थल सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने आपने उद्बोधन में अपने समय के शिक्षकों को याद करते हुए उन्हें अपना प्रेरणा स्रोत व मार्गदर्शक बताते कहा कि आज भी उनके शिक्षकों के शब्द उन्हें प्रेरित करते हैं। कैडेट्स को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने उन्हें रोल मॉडल बनने के लिए प्रेरित किया। इसके अतिरिक्त उन्हें जीवन में सफलता प्राप्त करने के मन्त्र



## उप मुख्यमंत्री ने थल सेना अध्यक्ष का एयरपोर्ट में किया स्वागत



रीवा। भारतीय थल सेना अध्यक्ष जनरल उपेन्द्र द्विवेदी वायुसेना के विशेष विमान से रीवा एयरपोर्ट पहुंचे। एयरपोर्ट में उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने थल सेना अध्यक्ष का पुष्पगुच्छ भेंटकर आत्मीय स्वागत किया।

बताते हुए मानसिक, शारीरिक व आध्यात्मिक रूप से मजबूत बनने पर बल दिया तथा उन्हें देश का भविष्य कहा। जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने सपनों को वास्तविकता में बदलने पर बल दिया व तकनीक का उचित प्रयोग करने का आह्वान किया। उन्होंने कैडेट्स से असफलता को सफलता की सीढ़ी मानकर निरंतर प्रयत्नशील रहने के लिए प्रेरित किया।

## स्कूल को प्रदान की दो लाख की धनराशि

सैनिक स्कूल प्राचार्य कर्नल अविनाश रावल ने स्मृति चिन्ह प्रदान कर मुख्य अतिथि को सम्मानित किया। इसी श्रृंखला में थल सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने विद्यालय को स्मृति चिन्ह व दो लाख रुपये की धनराशि प्रदान की। अंत में प्राचार्य ने धन्यवाद ज्ञापित किया व राष्ट्रगान के साथ सभा का समापन हुआ।

किया प्रेरित

सैनिक स्कूल में सेनाध्यक्ष उपेन्द्र द्विवेदी ने छात्रों के साथ किया संवाद

# असफलता से नई ऊर्जा के साथ बढ़ने की मिलती है प्रेरणा

पत्रिका
पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com



**रीवा.** सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी सोमवार को रीवा के सैनिक स्कूल पहुंचे। यहां छात्रों के साथ संवाद कर उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने अपने शिक्षकों को याद करते हुए अपनी प्रेरणा का स्रोत बताया, कहा कि उनके दिखाए मार्ग पर हमें खुद चलना होता है। उन्होंने कैडेट्स को जीवन में अनुशासन, निरंतर प्रयास और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने की सीख दी। कहा कि असफलता को सफलता की सीढ़ी मानते हुए लगातार प्रयास करते रहना चाहिए। इससे निराश होने की जरूरत नहीं है, क्योंकि हमें नई ऊर्जा के साथ सफलता की ओर बढ़ने की प्रेरणा भी इसी असफलता से मिलती है। उन्होंने कैडेट्स को मानसिक, शारीरिक और आध्यात्मिक रूप से मजबूत बनने तथा तकनीक का सही उपयोग कर अपने सपनों को साकार करने के लिए प्रेरित किया। प्राचार्य कर्नल अविनाश रावल ने सेनाध्यक्ष को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

## कैडेट्स के परेड का निरीक्षण किया

सैनिक स्कूल पहुंचने पर जनरल द्विवेदी सबसे पहले सैन्य मेमोरियल पहुंचे और श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद विद्यालय के परेड ग्राउंड पर कैडेट्स की परेड का निरीक्षण किया। विद्यालय के मानेकशॉ सभागार में सभा का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि द्विवेदी ने कमांडर जेएस खोत, प्रशासनिक अधिकारी डॉ. एनके झा, प्रभाकर चक्रवर्ती, हवलदार उमाशंकर राम तथा विद्यालय के पूर्व छात्र डॉ. सौरभ पटेल को उनके उत्कृष्ट कार्य और कर्तव्यपरायणता के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। साथ ही सेवानिवृत्त कर्नल जीपी सिंह, सेवानिवृत्त हवलदार योगेश कुमार तिवारी और सेवानिवृत्त नायक अनिल कुमार तिवारी को वेटरन अचीवर्स अवॉर्ड से नवाजा गया।

## स्कूल के छात्रों का पद अलंकरण भी किया

सेनाध्यक्ष उपेन्द्र द्विवेदी ने सैनिक स्कूल के नव नियुक्त पदाधिकारियों का पद अलंकरण भी किया। इसमें कैडेट अभय प्रताप सिंह को स्कूल कैप्टन, कैडेट सीएच कुंदना को स्कूल गर्ल्स कैप्टन, कैडेट दिव्यांश यादव को स्कूल वाइस कैप्टन, कैडेट देवराज इन्दोरिया को स्कूल एडजुटेंट, कैडेट प्रशांत कुशवाहा को स्कूल हाउस कैप्टन और कैडेट अनुराग सिंह को स्कूल स्पोर्ट्स कैप्टन नियुक्त किया गया।

# देश के भविष्य हैं छात्र, सपनों को हकीकत में बदलें: सेना प्रमुख



## सैनिक स्कूल में पद अलंकरण समारोह

भास्कर न्यूज, रीवा| सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने सोमवार को सैनिक स्कूल रीवा के पद अलकंरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होकर छात्रों का उत्साहवर्धन किया। अपने समय के शिक्षकों को याद करते हुए उन्हें अपना प्रेरणा स्रोत व मार्गदर्शक बताते हुए कहा कि आज भी उनके शिक्षकों के शब्द उन्हें प्रेरित करते है।

कैडेट्स (छात्रों) को सम्बोधित करते हुए उन्होंने उन्हें रोल मॉडल बनने के लिए प्रेरित किया। इसके अतिरिक्त उन्हें जीवन में सफलता प्राप्त करने के मंत्र बताते हुए मानसिक, शारीरिक व आध्यात्मिक रूप से मजबूत बनने पर बल दिया। मुख्य अतिथि ने छात्रों को देश का भविष्य बताते हुए सपनों को वास्तविकता में बदलनें पर बल दिया। उन्होंने यह भी कहा कि तकनीकी का उचित प्रयोग करें। असफलता को सफलता की सीढ़ी मानकर निरंतर प्रयत्नशील रहने के लिए भी उन्होंने प्रेरित किया। इस अवसर पर प्राचार्य कर्नल अविनाश रावल ने स्मृति चिन्ह प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया। इसी श्रंखला में मुख्य अतिथि ने विद्यालय को स्मृति चिन्ह प्रदान किया व 2 लाख रुपए की धनराशि प्रदान की।